कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीरजापुर

पत्रांक–ए-1784/जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24/दिनांक– 15.3.2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1– 2022–2/1(27)10टी0सी0 दिनांकः 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद मीरजापुर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों मं संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट **htt://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत हैः–

क0 सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/ शहरी	रिक्त पदों का विवरण
			आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	हलिया	ग्रामीण	46
2	जमालपुर	ग्रामीण	4
3	कोन	ग्रामीण	15
4	लालगंज	ग्रामीण	30
5	मड़िहान	ग्रामीण	26
6	मझवां	ग्रामीण	7
7	नरायनपुर	ग्रामीण	11
8	राजगढ़	ग्रामीण	50
9	सीखड़	ग्रामीण	10
10	सीटी ग्रामीण	ग्रामीण	6
11	छानबे	ग्रामीण	14
12	पहाड़ी	ग्रामीण	20
13	नगर	शहरी	36
	योग––––––––––––––		**275**

उपरोक्त पदों का ग्रासभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय बोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाइट **htt://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा/का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी मे पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **htt://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि क अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. विज्ञापित पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
8. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **htt://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

CamScanner

पृष्ठांकन संख्या— /तद्दिनांक

प्रतिलिपि—निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, मीरजापुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मीरजापुर।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, मीरजापुर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मीरजापुर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी मीरजापुर को इस आशय से कि जनपद—मीरजापुर के उपरोक्त उल्लिखित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की विज्ञप्ति एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मीरजापुर को इस निर्देश के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद—मीरजापुर।

CamScanner